# भारत में बढ़ेगी हाइब्रिड व ई-वाहनों की मांग

## डेलॉय की रिपोर्ट...ई-वाहनों के प्रति बदली है भारतीयों की सोच

नई दिल्ली। भारत में आने वाले समय में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों की मांग बढ़ सकती है। डेलॉय की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में आवागमन वाले वाहनों को लेकर सोच बदल रही है। लोग इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 59 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण स्तर और पेट्रोल-डीजल वाहनों के उत्सर्जन को लेकर फिक्रमंद हैं। डेलॉय इंडिया के ऑटोमोटिव प्रमुख राजीव सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों और नवाचार सामने आने से भारतीय वाहन उद्योग वृद्धि का नया दौर देखने जा रहा है। आने वाले समय में ई-वाहनों और खासकर दोपहिया व तिपहिया वाहनों की वृद्धि को मजबूती मिलेगी। एजेंसी



### महंगे ईंधन और सरकारी नीतियों ने भी बदली सोच

*रिपोर्ट में कहा गया है पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें और सरकार के उठाए कदमों से भी लोगों के रुझान में फर्क पड़ा है। पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी से शहरों के अंदर आवाजाही के लिए लोग ई-वाहन खरीद रहे हैं या खरीदने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, उद्योग को मिले प्रोत्साहन से ई-वाहनों के नए-नए मॉडल सामने आ रहे हैं।*